J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 06.04.2019**

**PUNJAB KESARI**

# नवीनतम 'सुझाव व उन्नति' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

फरीदाबाद, 5 अप्रैल (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'मैकेनिकल इंजीनियरिंग में नवीनतम सुझाव व उन्नति' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज संपन्न हो गया। सम्मेलन में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नये अनुसंधान चर्चा के केन्द्र बिन्दु रहे, जिसमें विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए नवीन प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। सम्मेलन का आयोजन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में किया गया था, जिसमें लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के समापन सत्र में स्टार वायर (इंडिया) लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक डॉ. एसके गोयल मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. तिलक राज तथा डीन इंस्टीट्यूशन्स डॉ. संदीप ग्रोवर भी उपस्थित थे। सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नये इनोवेशन हो रहे है, जिससे निरंतर प्रौद्योगिकी विकसित हो रहा है। युवा इंजीनियर्स को नये प्रौद्योगिकीय बदलावों के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।



*सम्मेलन के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए।*

पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 06 April 2019 https://epaper.punjabkesari.in/c/

**NEWS CLIPPING: 06.04.2019**

## DAINIK BHASKAR

# नवीन प्रौद्योगिकीय बदलावों के अनुरूप खुद को सक्षम बनाएं इंजीनियर्सः दिनेश

## नवीनतम रुझान व उन्नति, विषय पर सम्मेलन हुआ

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से 'मैकेनिकल इंजीनियरिंग में नवीनतम रुझान व उन्नति' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुक्रवार को संपन्न हो गया। इसमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नए अनुसंधान चर्चा के केन्द्र बिंदु रहे। इसमें विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए नवीन प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। सम्मेलन में करीब 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के समापन सत्र में डा. एसके गोयल मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस दौरान मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डा. तिलक राज तथा डीन इंस्टीट्यूशंस डा. संदीप ग्रोवर भी मौजूद थे।

सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नए इनोवेशन हो रहे हैं। इससे निरंतर प्रौद्योगिकी विकसित हो रहा है। युवा इंजीनियर्स को नये प्रौद्योगिकीय बदलावों के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है ताकि वे बाजार की जरूरत के अनुरूप रोजगार के लिए खुद को सक्षम बना सकें। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे विकास के कारण आज शोधकर्ताओं के लिए जरूरत इस बात की है कि संबंधित क्षेत्रों में हो रही नई खोज व अनुसंधान पर नजर रखें और इसका गहन अध्ययन करें ताकि नए अनुसंधानों को बढ़ावा मिले। डा. एसके गोयल ने नवीनतम रुझान व उन्नति विषय पर राष्ट्रीय आयोजन कराने के विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवीन प्रौद्योगिकीय विकास से विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से बदलाव आ रहा है और इन बदलावों के प्रति युवा इंजीनियर्स को जागरूक रहना होगा। डा. संजीव गोयल ने दो दिवसीय सम्मेलन की कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा सम्मेलन के दौरान प्राप्त हुए 89 शोधपत्रों को विभिन्न समानांतर तकनीकी सत्रों में प्रस्तुत किया गया और सात शोधपत्र सर्वश्रेष्ठ चुने गए। सत्र के समापन पर सम्मेलन के संयोजक डा. वासुदेव मल्होत्रा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।



सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

**NEWS CLIPPING: 06.04.2019**

**AMAR UJALA**

## इंजीनियरिंग छात्र को पता होनी चाहिए नई तकनीक

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 'नवीनतम रूझान और उन्नति आयाम' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया। लगभग 150 प्रतिभागियों सम्मेलन में मौजूद रहे। समापन सत्र में स्टार वायर (इंडिया) लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक डॉ. एसके गोयल मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ.तिलक राज व डीन इंस्टीट्यूशन डॉ. संदीप ग्रोवर उपस्थित थे। सत्र को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नए इनोवेशन हो रहे हैं। निरंतर प्रौद्योगिकी विकसित हो रही है। युवा इंजीनियर्स को नए प्रौद्योगिकीय बदलावों की जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे बाजार की जरूरत के अनुरूप रोजगारक बन सकें। शोधकर्ताओं को भी नई खोज पर नजर रखनी होगी। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 06.04.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# हुआ समापन

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी में मिकैनिकल इंजीनियरिंग पर नवीनतम रुझान व उन्नति विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हो गया। सम्मेलन में मिकैनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नए अनुसंधानों पर चर्चा हुई। इस मौके पर स्टार वायर लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक डॉ. एसके गोयल, कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार, डॉ. संजीव गोयल, डॉ. संदीप ग्रोवर, डॉ. वासुदेव मल्होत्रा, डॉ. राजीव मौजूद रहे।